भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 760

गुरुवार, 07 दिसम्बर, 2023(16 अग्रहायण, 1945 (शक)) **को दिया जाने वाला उत्तर**
****

एयरफील्ड ग्राउंड लाइटिंग

760. श्री एम. वी.वी. सत्यनारायणः
श्री संजय काका पाटील:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत की एयरफील्ड ग्राउंड लाइटिंग (एजीएल) विनिर्माण क्षमता का ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकारी निवेश और विनिर्माण क्षमता के संदर्भ में गुरुग्राम में नई एजीएल विनिर्माण इकाई का ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या देशभर में विमानपत्तनों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए और अधिक एजीएल विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने की आवश्यकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) से (ग): एयरफील्ड/एयरोनॉटिकल ग्राउंड लाइटिंग (एजीएल) इकाइयों का विनिर्माण, गैर-सरकारी क्षेत्र के विभिन्न निकायों द्वारा किया जाता है। हवाईअड्डा प्रचालक, नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा निर्धारित संरक्षा और विनियामक मानकों को पूरा करने के लिए, अपनी विशिष्ट प्रचालनिक आवश्यकताओं के अनुसार आवधिक रूप से इन लाइटिंग प्रणालियों का प्रापण करते हैं। इसलिए, एयरफील्ड ग्राउंड लाइटिंग प्रणाली के विनिर्माण से संबंधित जानकारी नागर विमानन मंत्रालय द्वारा नहीं रखी जाती है।

*****